अमर उजाला
महोत्सव विश्वास का

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी •
वर्ष 21 | अंक 136 | पृष्ठ : 16+4+16 | मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 25 अगस्त 2023
द्वितीय श्रावण शुक्ल-नवमी
विक्रम संवत-2080

amarujala.com

गिरफ्तारी संभव चुनाव पलटने के प्रयास के आरोप में ट्रंप आत्मसमर्पण को तैयार...14

दिल्ली-एनसीआर

लायंस टीम की जर्सी का हुआ अनावरण

क्रिकेट टीम में नोएडा के दो खिलाड़ी होंगे शामिल, ध्रुव जुरैल बने कप्तान

सांसद व अभिनेता मनोज तिवारी व रवि किशन। स्रोत आयोजक

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर होने वाली यूपी-20 क्रिकेट लीग में भाग ले रही गोरखपुर लायंस ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट स्थित द गौड़ सरोवर प्रीमियर होटल में टीम की जर्सी, लोगो, एंथम जीत के जाएंगे और 20 सदस्यीय टीम का अनावरण किया। अनावरण गौड़ ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज गौड़, निदेशक विशेष गौड़, टीम निदेशक के एल तेजवानी, बल्लेबाजी कोच शशिकांत खंडकर व टीम मैनेजर विश्वजीत सिंह ने किया। उधर, फिल्म अभिनेता व गोरखपुर सांसद रवि किशन, भोजपुरी कलाकार व भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कार्यक्रम में शिरकत की। दोनों ने खिलाड़ियों को शुभकामाएं दी।

टीम में आईपीएल, अंडर-19 विश्व कप टीम के सदस्य ध्रुव जुरैल को टीम का कप्तान व विकेट कीपर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डोमेस्टिक क्रिकेट व आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मोहसिन खान को शामिल किया गया है। जिले के दो खिलाड़ी कर्ण चौधरी व हर्षित शेट्टी को गोरखपुर लायंस टीम में जगह मिली है। ब्यूरो